

पं. देवेन्द्र शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री

## सीएम ने देवेन्द्र शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को बलवीर रोड स्थित, भाजपा कार्यालय में पं. देवेन्द्र शास्त्री की पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में प्रतिभाग किया एवं उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।
मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पं. देवेन्द्र शास्त्री एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिए पेंशन शुरू हुई, तब देवेन्द्र शास्त्री जी ने कहा कि मैंने स्वतंत्रता संग्राम के लिए लड़ाई लड़ी पेंशन के लिए नहीं। उन्होंने पेंशन लेने से इनकार कर दिया। देवेन्द्र शास्त्री जी उन लीडर में से थे जिन्होंने संघ, जनसंघ, जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व सादगी भरा था। उन्होंने विभिन्न जन आन्दोलनों में भाग लिया।

## मांगों को लेकर भोजन माताओं ने किया सचिवालय कूच


देहरादून। भोजन माताओं ने स्थाई रोजगार, न्यूनतम वेतन बढ़ोत्तरी सहित अनेक मांगों के समाधान के लिए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सचिवालय कूच किया। आज प्रगतिशील भोजनमाता संगठन उत्तराखंड के बैनर तले प्रदेश भर से आई हुई भोजन मातायें धरना स्थल पर इकटटा हुई और वहां प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष हंसी देवी ने कहा कि स्कूलों में हो रहे उत्पीड़न को लेकर भारी आक्रोश है। बताते चलें कि उत्तराखंड के स्कूलों में 27 हजार भोजन माताएं कार्यरत हैं जिनकी मांगे हैं कि उनका न्यूनतम वेतन 15 हजार कर दिया जाए, साथ ही साथ उन्हें स्थाई नियुक्ति भी दी जाए। इस दौरान भोजन माताओं का दर्द छलक पड़ा और उन्होंने आंखों में आंसू लिए सरकार से मानदेय बढ़ाने और अन्य मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई।


# Page Three
# Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गणतंत्र दिवस के आयोजन को सफल बनाने के निर्देश

**निर्देश**

## नई योजना-कार्यक्रम की थीम पर आधारित आकर्षक झांकी बनाये



71 वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए जिलाधिकारी।

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 71 वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को विभागीय नोडल और नोडल अधिकारी की हैसियत से दिये गये दायित्वों को समय से पूर्ण करते हुए गणतंत्र दिवस के आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने परेड ग्राउण्ड में अयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर ई-पास द्वारा ही प्रवेश देने और समय से ई-पास जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वतत्रता सेनानी तथा राज्य आन्दोलनकारियों को मुख्य कार्यक्रम में प्रवेश से लेकर सिटिंग ऐरेन्जमेन्ट की ससम्मान व्यवस्था करते हुए यथोचित सम्मान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे नई योजना-कार्यक्रम की थीम पर आधारित आकर्षक झांकी बनायेंगे और एक सप्ताह के भीतर झांकियों की थीम ले-आउट इत्यादि तय करते हुए इसके नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय करते हुए समय से थीम डिजाईन इत्यादि का का अन्तिम अनुमोदन किया जा सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को गणतंत्र दिवस को इकोफ्रेण्डली बनाने के लिए प्लास्टिक के किसी भी प्रकार के ध्वज इत्यादि का प्रयोग ना करने तथा इसके स्थान पर कपड़े, कागज से बने ध्वज पहराने के निर्देश दिये। बैठक में नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा भी इस बार मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउण्ड में अपनी झांकी का प्रदर्शन करने का आग्रह किया गया, जिसको जिलाधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और दायित्वों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि इस बार राज्य स्तरीय आयोजन स्थल परेड ग्राउण्ड में वायु सेना द्वारा चौपर से पुष्प वर्षा, मनोहर सुन्दर झांकियों, विविधता से भरी हुई सांस्कृतिक झांकियां, सेना, पैरामिलिट्री, पी.ए.सी, नागरिक पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसए, पीआरडी इत्यादि द्वारा मार्च पास्ट, मैराथन, प्रभातफेरी इत्यादि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। 26 जनवरी की प्रातः 9:30 बजे सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वाजारोहण पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# पुलिस ने लुटेरी दुल्हन सहित भाई बना पति को किया गिरफ्तार

### पुलिस ने किये आरोपियों से लाखों के जेवरात बरामद

**संवाददाता**

हरिद्वार। पुलिस ने लुटेरी दुल्हन सहित भाई बने पति को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने जेवरात बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुरूवार को लुटेरी दुल्हन सहित भाई बने पति को बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरी दुल्हन ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि महिला असली नाम पूजा उर्फ अंजली पत्नी महावीर निवासी मौ. घुइंया भरई जैतीपुर शाहजहांपुर यूपी और महावीर पुत्र ट्टषिपाल उपरोक्त है। उन्होंने ही पार्टी को फंसाने के लिए भाई-बहन बनकर लाखों कमाने के लिए योजना बनायी थी। योजना के तहत उसके पति ने उसको अपनी बहन बनाकर शादी का नाटक रचकर पार्टी के सोने जेवरात व हजारों लेकर फरार हो गयी। पुलिस ने लुटेरी दुल्हन सहित पति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। बताते चले कि सोनिया पुत्री स्व. वेद प्रकाश निवासी कालका पंचकुला हरियाणा ने कोतवाली नगर में तहरीर देते हुए शिकायत की थी कि उसके भाई की शादी सोनू निवासी रूड़की हरिद्वार ने आपने मित्र महावीर निवासी शाहजानपुर यूपी की बहन अंजली से 18 दिसम्बर 19 को करायी थी। शादी में उसके परिवार की ओर से दुल्हन को सोने चांदी के जेवरात जेवर चढ़ाये थे। शादी के बाद पूरा परिवार हरिद्वार घूमने के लिए आया, जोकि शिवमूर्ति चौराहे के पास स्थित होटल खंडूजा में ठहरा था। जब परिवार सोया हुआ था, तब दुल्हन पहने जेवरात और उसके पर्स में रखे पचास हजार की नगदी लेकर फरार हो गयी। पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया था। कोतवाली नगर एसएसआई जगमोहन रमोला के अनुसार लुटेरी दुल्हन सहित भाई बने पति को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात बरामद किये हैं। जिनके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## धनराशि का शतप्रतिशत उपयोग कर योजना कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

**संवाददाता** हल्द्वानी। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के गरीब व अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार द्वारा जिन योजनाओं में धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है उनके कार्यों में गति लाकर शतप्रतिशत व्यय करते हुये उन्हें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह बात आयुक्त राजीव रौतेला ने कैम्प कार्यालय में विभिन्न विभागों की जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं वाह्य सहायतित योजनाओं की समीक्षा करते हुये कही। श्री रौतेला ने मण्डल के रेशम, पशुपालन, दुग्ध, कृषि, मत्स्य, सहकारिता, उद्यान, पूर्ति विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। आयुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष के तीन त्रिमास समाप्त हो चुके हैं मगर विभिन्न विभागों द्वारा राज्य व केन्द्र पोषित योजनाओं में धनराशि का मात्र 50 से 60 प्रतिशत ही व्यय किया गया है, जो बहुत गम्भीर बात है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मण्डलीय अधिकारी अपने पाक्षिक भ्रमणों की पूर्व स्वीकृति लेना स्वीकृत करेंगे तथा भ्रमण निरीक्षण आख्या भी प्रस्तुत करेंगे।

## न्यूज डायरी

### सीएम का जनपद भ्रमण आज

**संवाददाता** हल्द्वानी। प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। यह जानकारी देते हुये मुख्यमंत्री के निजी सचिव केके मदान ने बताया कि मुख्यमंत्री शुक्रवार को 10.30 बजे जीटीसी हैलीपैड देहरादून से प्रस्थान कर 11.30 बजे रामलीला मैदान कालाढूंगी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। सीएम रावत 12.35 बजे हैली द्वारा देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### युवा महोत्सव शास्त्रीय नृत्य में देहरादून, वाद्य यंत्र में पिथौरागढ़ अव्वल

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्तरीय ओपन युवा महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन शास्त्रीय संगीत और वाद्य यंत्रों की गूंज रही। वहीं अंतिम सत्र में एकांकी की प्रस्तुतियों के जरिए टीमों ने पहाड़ की हकीकत को बयां करने की कोशिश की।
युवा कल्याण निदेशालय परिसर स्थत बहुउद्देश्यीय हॉल में गुरुवार को युवा महोत्सव के अंतिम दिन वाद्य यंत्र वादन और एकांकी की प्रस्तुति हुई। इसमें कलाकारों ने तबला, हारमोनियम, बांसुरी, गिटार, सितार का वादन किया। हारमोनियम में ओपन वर्ग में 4 और जिला स्तर से 3 प्रतियोगी शामिल हुए। वहीं गिटार व सितार में 2-2, बांसुरी में 3, तबला वादन में 3 प्रतियोगी जिले से और 3 ओपन वर्ग में शामिल हुए। पिथौरागढ़ जिले की टीम ने कन्या भ्रूण हत्या और बेटी बचाओ के संदेश को देते हुए नाटक का मंचन किया। जबकि रुद्रप्रयाग जिले की टीम ने नाटक के माध्यम से पलायन का दर्द बयां किया। इसके साथ ही ऊधमसिंह नगर, चंपावत और देहरादून की टीमों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दिव्यांग शिविर के लिए 225 से अधिक दिव्यांगजनों ने किया पंजीकरण

**संवाददाता** देहरादून। पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवा दल के तत्वावधान में 11 जनवरी से शुरू तीन दिवसीय निशुल्क दिव्यांग शिविर के लिए 225 से अधिक दिव्यांगजनों ने पंजीकरण करवा लिया है। इनमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, रोहतक, यूपी आदि जगहों के लोग शामिल है। गुरुवार को शिविर की तैयारियों को लेकर हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज में सेवादल की बैठक हुई। जिसमें शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर संयोजिका अनामिका जिंदल ने बताया शिविर के लिए विभिन्न राज्यों से 225 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवा लिया है। कहा कि 11 और 12 जनवरी को डॉक्टरों के परीक्षण के बाद जरूरत के हिसाब से हाथ और पैर कैलिपर लगाएं जाएंगे। वहीं 13 जनवरी को हाथ लगाने का नाप लिया जाएगा।